# बद्री नारायण को साहित्य अकादेमी पुरस्कार

**जनसत्ता संवाददाता**
नई दिल्ली, 22 दिसंबर।

साहित्य अकादेमी ने 2022 के लिए 'साहित्य अकादेमी' और 'साहित्य अकादेमी अनुवाद' पुरस्कारों का गुरुवार को एलान किया। अकादेमी के सचिव के श्रीनिवास राव के मुताबिक हिंदी के लिए बद्री नारायण, अंग्रेजी के लिए अनुराधा राय और उर्दू के लिए अनीस अशफाक समेत 23 भारतीय भाषाओं के लेखकों को सम्मानित किया जाएगा। इस बार अनुवाद पुरस्कार की श्रेणी में हिंदी में तकनीकी कारणों से पुरस्कार का एलान नहीं किया गया है। अंग्रेजी में एन कल्याण रमन, उर्दू में रेणु बहल और पंजाबी में भूपिंदर कौर 'प्रीत' को 'साहित्य अकादेमी अनुवाद' पुरस्कार से सम्मानित किया जाएगा।

-पूरी खबर पेज ८

# बद्री नारायण को साहित्य अकादेमी पुरस्कार

**जनसत्ता संवाददाता**
नई दिल्ली, 22 दिसंबर।

साहित्य अकादेमी ने 2022 के लिए 'साहित्य अकादेमी' और 'साहित्य अकादेमी अनुवाद' पुरस्कारों का गुरुवार को एलान किया। अकादेमी के सचिव के श्रीनिवास राव के मुताबिक हिंदी के लिए बद्री नारायण, अंग्रेजी के लिए अनुराधा राय और उर्दू के लिए अनीस अशफाक समेत 23 भारतीय भाषाओं के लेखकों को सम्मानित किया जाएगा।

इस बार अनुवाद पुरस्कार की श्रेणी में हिंदी में तकनीकी कारणों से पुरस्कार का एलान नहीं किया गया है। अंग्रेजी में एन कल्याण रमन, उर्दू में रेणु बहल और पंजाबी में भूपिंदर कौर 'प्रीत' को 'साहित्य अकादेमी अनुवाद' पुरस्कार से सम्मानित किया जाएगा। राव ने पत्रकारों से कहा कि बद्री नारायण को हिंदी में उनके कविता संग्रह 'तुमड़ी के शब्द' के लिए पुरस्कार से नवाजा जाएगा। अनुराधा राय को अंग्रेजी में उनके उपन्यास 'आल द लाइव्स वी नेवर लिव्ड' के लिए तथा उर्दू में अशफाक को उनके उपन्यास 'ख्वाब सराब' के लिए पुरस्कृत किया जाएगा। इनके अलावा संस्कृत में जनार्दन प्रसाद पांडेय 'मणि' को कविता संग्रह के लिए, मैथिली में अजित प्रसाद को कविता-संग्रह के लिए सम्मानित किया जाएगा। मराठी में प्रवीण दशरथ बांदकर को 'उजव्या सोंडेच्या बाहुल्या' (उपन्यास) के लिए साहित्य अकादेमी पुरस्कार दिया जाएगा।

> *अकादेमी* के सचिव के श्रीनिवास राव के मुताबिक हिंदी के लिए बद्री नारायण, अंग्रेजी के लिए अनुराधा राय और उर्दू के लिए अनीस अशफाक समेत 23 भारतीय भाषाओं के लेखकों को सम्मानित किया जाएगा।

इस बार 17 भाषाओं के लेखक-लेखिकाओं को अनुवाद पुरस्कार प्रदान करने का एलान किया गया है। बांग्ला, हिंदी, कोंकणी, मैथली, मणिपुरी, ओड़िया और संताली भाषाओं में तकनीकी कारणों से अनुवाद पुरस्कारों की घोषणा कुछ दिन बाद की जाएगी। शास्त्रीय और मध्ययुगीन साहित्य में योगदान देने के लिए उदयनाथ झा को पूर्वी क्षेत्र से 2022 का 'भाषा सम्मान' प्रदान करने का निर्णय किया गया है। पुरस्कारों की अनुशंसा इन भारतीय भाषाओं की निर्णायक समिति द्वारा की गई। साहित्य अकादेमी के अध्यक्ष चंद्रशेखर कंबार की अध्यक्षता में आयोजित अकादेमी के कार्यकारी मंडल की बैठक में इन्हें अनुमोदित किया गया।